12, 300 किमी सड़कें बनेंगी

पटना। राज्य सरकार मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत अगले पांच साल में 250 से अधिक की आबादी वाले गांवों में 37, 908 किलोमीटर में एकल सड़क बनाएगी। इसके तहत वर्ष 2014-15 में 1300 किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य है।

वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस वर्ष 11000 किलोमीटर सड़क बनाने का लक्ष्य है। यह जानकारी ग्रामीण कार्य मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को विधानसभा में दी। वह विभाग के बजट पर सरकार का जवाब दे रहे थे। जवाब पूरा होने से पहले ही मुख्य विपक्षी दल के बहिर्गमन पर मंत्री ने कहा कि ये लोग आरएसएस के एजेंडे पर चल रहे हैं। इनको सबक सिखाने की जरूरत है।